# CUET (UG) Exam Paper 2025
## National Testing Agency
## Hindi Language
## (हिंदी भाषा)
## (Solved)

**निर्धारित समय : 60 मिनट** **पूर्णांक : 250**

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।*

*(i) कुल 50 प्रश्न दिए गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(ii) सही उत्तर देने पर 5 अंक दिये जायेंगे व गलत उत्तर देने पर 1 अतिरिक्त अंक काट दिया जायेगा।*

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

जानवरों में गधा सबसे ज़्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पल्ले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच का बेवकूफ है, या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता है। गाएँ सींग मारती हैं, ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारणा कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है; किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी। वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद स्थायी रूप से छाया रहता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ, किसी भी दशा मे उसे बदलते नहीं देखा।

**1. गधे को बुद्धिहीन कहे जाने के कारणों में सम्मिलित नहीं है—**

(1) वह बहुत सीधा जानवर है।

(2) वह बहुत क्रोध करता है।

(3) वह बहुत सहिष्णु है।

(4) वह सदा संतुष्ट रहता है।

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या**—सीधेपन और सहिष्णुता के कारण गधे को बुद्धिहीन या बेवकूफ समझा जाता है। लेकिन वह कभी क्रोध नहीं करता है।

**2. 'ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है।' वाक्य का क्या अर्थ है?**

(1) अभी-अभी माँ बनी गाय स्वभाव से कुछ हिंसक हो जाती है।

(2) ब्याही हुई गाय बहुत हिंसा करती है।

(3) गाय सिंहनी जैसी दिखने लगती है।

(4) गाय निराश रहने लगती है।

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

**व्याख्या**—गाय वैसे तो सीधी व सरलता का प्रतीक है लेकिन अपने बछड़े की चिंता में ब्याही हुई गाय कुछ हिंसक हो जाती है।

**3. गद्यांश में प्रयुक्त 'चेहरे पर स्थायी विषाद' से तात्पर्य है—**

(1) सदा संतोष की छाया रहना

(2) क्रोध से भरा

(3) सदा दु:खी रहना

(4) घृणा का भाव

**उत्तर—विकल्प (3) सही है।**

**व्याख्या**—विषाद का अर्थ है—दु:ख या उदासी अर्थात् 'चेहरे पर स्थायी विषाद' का अर्थ है—सदा दु:खी रहना।

**4. जब किसी मनुष्य को 'बेवकूफ' कहना हो तो किस पशु का नाम लिया जाता है?**

(1) कुत्ता (2) गाय

(3) सिंहनी (4) गधा

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या**—जब किसी आदमी को पल्ले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं तो उसे गधा कहते हैं।

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

मूल परिवार में माता-पिता (दंपति) और उनके बच्चे ही शामिल होते हैं। विस्तृत परिवार (जिसे आमतौर पर संयुक्त परिवार कहा जाता है।) के भिन्न-भिन्न रूप हो सकते हैं, लेकिन उनमें एक से अधिक युगल (दंपति) होते हैं और अक्सर दो से अधिक पीढ़ियों के लोग एक साथ रहते हैं। इसमें कई भाई भी हो सकते हैं जो अपने-अपने परिवारों को लेकर संयुक्त परिवार के सदस्य के रूप में रहते हैं या एक बुजुर्ग दंपति जो अपने बेटों, पोतों, उनके परिवारों के साथ रहते हों। विस्तृत परिवार अक्सर भारतीय होने का सूचक माना जाता है। लेकिन अब, बल्कि पहले भी यह किसी भी अर्थ में परिवार का प्रमुख रूप नहीं रहा है।

**5. मूल परिवार में शामिल होते हैं—**

(1) केवल दंपति (माता-पिता) व उसके भाई बहन

(2) माता-पिता व उसके रिश्तेदार

(3) एक से अधिक युगल दंपति

(4) केवल माता पिता व उनके बच्चे

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या—**मूल परिवार अर्थात् एकल परिवार, जिसमें माता-पिता व उनके बच्चे सम्मलित होते हैं।

**6. संयुक्त परिवार में शामिल होते हैं—**

(1) एक से अधिक युगल दंपति

(2) केवल एक पीढ़ी के लोग

(3) सभी रिश्तेदार

(4) सभी बच्चे

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

**व्याख्या—**संयुक्त परिवार में एक से अधिक पीढ़ी या एक से अधिक युगल दंपत्ति रहते हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(1) संयुक्त परिवार के विभिन्न रूप हो सकते हैं।

(2) संयुक्त परिवार में केवल युगल और उनके बच्चे शामिल होते हैं।

(3) विस्तृत परिवार में कई भाई और उनके परिवार साथ-साथ रहते हैं।

(4) विस्तृत परिवार भारतीय होने का सूचक माना जाता है।

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**एकल परिवार में केवल युगल और उनके बच्चे शामिल होते हैं। जबकि संयुक्त परिवार में अनेक दंपत्ति या एक से अधिक पीढ़ी शामिल होते हैं।

**8. निम्नलिखित में से विस्तृत परिवार का सामानर्थी क्या है?**

(1) मूल परिवार (2) संयुक्त परिवार

(3) भारतीय परिवार (4) अंग्रेज़ी परिवार

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**विस्तृत परिवार का संयुक्त परिवार है।

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

क्या देखा है तुमने नर को नर के आगे हाथ पसारे?
क्या देखे हैं तुमने उसकी आँखों में खारे फ़व्वारे?
जगपति कहाँ? अरे सदियों से वह तो हुआ राख की ढेरी;
वरना समता-संस्थापन में लग जाती क्या इतनी दरी?
छोड़ आसरा अलख शक्ति का; रे नर, स्वयं जगत्पति तू है,
तू यदि जूठे पत्त चाटे, तो मुझ पर लानत है, थू है!
कैसा बना रूप यह तेरा, घृणित, पतित, बीभत्स, भयंकर!
नहीं याद क्या तुझको, तू है चिर सुन्दर, नवीन प्रलयंकर?
भिक्षा-पात्र फेंक हाथों से, तेरे स्त्रायु बड़े बलशाली,
अभी उठेगा प्रलंय नींद से, तनिक बजा तू अपनी ताली।

**9. 'खारे फव्वारे' पद का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है?**

(1) आँसू (2) झरना

(3) लहर (4) झील

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

**व्याख्या—**कवि ने सामाजिक असामनता का वर्णन करते हैं -खारे फ़व्वारे' का अर्थ 'आँसुओं के लिए किया है।

**10. इस कविता में कौन-सा रस है?**

(1) वीभत्स रस (2) शांत रस

(3) अद्‌भुत रस (4) वीर रस

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या—**कविता के माध्यम से कवि ने मनुष्य के अंदर उत्साह के भाव को जाग्रत करने का प्रयास किया है अत: वीर रस है।

**11. कवि मनुष्य को क्या प्रेरणा दे रहा है?**

(1) भक्ति की प्रेरणा (2) आस्तिक बनने की प्रेरणा

(3) नास्तिक बनने की प्रेरणा (4) कर्म की प्रेरणा

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि मनुष्य को ईश्वरवादिता एवं भाग्यवादिता को छोड़कर कर्म करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

**12. 'तो मुझ पर लानत है, थू है!' पद किसे सम्बोधित है?**

(1) जगपति (2) ईश्वर

(3) मनुष्य (4) कवि

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या—**यह पद कवि ने स्वयं को संबोधित किया है।

**13. 'धर' प्रत्यय से निर्मित शब्दों की पहचान कीजिए—**

**(A)** गिरिधर **(B)** श्रीधर

**(C)** अधर **(D)** वंशीधर

**(E)** धड़ाधड़

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B), (C) और (D)

(3) केवल (A), (C) और (D)

(4) केवल (B), (C) और (D)

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

> **व्याख्या—**गिरिधर पर्वत को धारण करने वाले, श्रीधर अर्थात् लक्ष्मी के स्वामी, वंशीधर अर्थात् बांसुरी को धारण करने वाले अत: (A), (B) (D) 'धर' प्रत्यय से युक्त शब्द हैं।

**14. निम्नलिखित में से कौन अर्थालंकार के भेद हैं?**

(1) उपमा (2) रूपक

(3) दृष्टांत (4) श्लेष

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B), और (C)

(3) केवल (B), (C) और (D)

(4) केवल (B), (C), (D) और (E)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या—**उपमा, रूपक और दृष्टांत अर्थालंकार के उदाहरण हैं, जबकि अनुप्रास और श्लेष शब्दालंकार के।

**15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (मुहावरे) | | सूची-II (अर्थ) | |
|---|---|---|---|
| (A) | बाछें खिल जाना | (I) | भारी विपत्ति आ जाना |
| (B) | पहाड़ टूट पड़ना | (II) | बहुत तंग करना |
| (C) | धूप में बाल सफ़ेद करना | (III) | अत्यंत प्रसन्न होना |
| (D) | नाकों चने चबवाना | (IV) | अनुभवहीन होना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(II), B-(I), C-(IV), D-(III)

(2) A-(III), B-(II), C-(I), D-(IV)

(3) A-(III), B-(I), C-(II), D-(IV)

(4) A-(III), B-(I), C-(IV), D-(II)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या—**

| मुहावरे | | अर्थ |
|---|---|---|
| (A) | बाछें खिल जाना | अत्यंत प्रसन्न होना |
| (B) | पहाड़ टूट पड़ना | भारी विपत्ति आ जातनप |
| (C) | धूप में बाल सफ़ेद करना | अनुभवहीन होना |
| (D) | नाकों चने चबवाना | बहुत तंग करना |

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है?**

(1) अमिय (2) पीयूष

(3) सुधा (4) रसाल

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या—**अमिय, पीयूष, सुधा 'अमृत' के पर्यायवाची हैं, जबकि 'रसाल' 'आय' का पर्यायवाची शब्द है।

**17. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द-पर्याय युग्मों को पहचानिए—**

**(A)** वायु-अनिल **(B)** हाथी-हथिनी

**(C)** वृहत-विशाल **(D)** बिजली-चंचला

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**

(1) केवल (A)

(2) केवल (B) और (C)

(3) केवल (C) और (D)

(4) केवल (A), (C) और (D)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—पर्याय शब्द एक-दूसरे शब्द से मिलते-जुलते होते हैं। उनका अर्थ समान होता है।

**18. निम्नलिखित में से 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची नहीं है—**

(A) चाँद (B) शशि

(C) मयंक (D) मार्तंड

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—चाँद, शशि, मयंक 'चन्द्रमा' के पर्यायवाची शब्द है, जबकि भार्तंड 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है।

**19. 'आकर्षण' का विलोम शब्द है—**

(1) अनाकर्षण (2) विकर्षण

(3) पराकर्षण (4) आकृष्ट

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या**—आकर्षण का विलोम शब्द है-विकर्षण। विलोम शब्द एक-दूसरे के विपरीत होते हैं।

**20. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द-युग्म विलोमार्थक नहीं हैं?**

(1) सुख-दु:ख (2) जय-पराजय

(3) आवृत-अनावृत (4) मित्र-सखा

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—मित्र का विलोम शब्द शत्रु है। इसलिए मित्र-सखा शब्द-युग्म विलोमार्थ नहीं है।

**21. निम्नलिखित में कौन-से शब्द विशेषण नहीं है?**

(A) ऋणी (B) तांत्रिक

(C) रस (D) लेख

(E) बौद्ध

नीचे दिए गए विकल्पों में से सहीं उत्तर चुनिए—

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (B) और (C)

(3) केवल (C) और (D)

(4) केवल (D) और (E)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं। अत: ऋणी, तांत्रिक, बौद्ध विशेषण शब्द है।

**22. निम्नलिखित शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए—**

(A) नादान (B) गाँव

(C) गौरव (D) बारात

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) (B), (C), (D), (A) (2) (B), (C), (A), (D)

(3) (B), (A), (D), (C) (4) (C), (B), (D), (A)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—वर्णों के क्रम के अनुसार गौरव, गाँव, बारात, नादान शब्द सही है।

**23. 'उपचार' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में नहीं किया जाता है?**

(1) व्यवहार (2) प्रयोग

(3) चिकित्सा (4) सहभोज

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—'उपचार' का अर्थ है—सेवा करना, देखभाल करना, जबकि 'सहभोज' का अर्थ है—एक साथ बैठकर भोजन करना अत: विकल्प (4) सही है।

**24. निम्नलिखित में कौन-से वाक्य वचन की दृष्टि से शुद्ध हैं?**

(A) बालक और बालिकाएँ एक साथ दौड़ रहे हैं।

(B) राम और श्याम बातें कर रहे हैं।

(C) राम और सीमा वन गए।

(D) लड़के और लड़की जा रही है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (B), (C) और (D)

(4) केवल (A) और (C)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या**—वचन की दृष्टि से वाक्य (A), (B), C) सही है। जबकि (D) का शुद्ध वाक्य है—लड़के और लड़कियाँ जा रहे हैं।

**25. निम्नलिखित में से 'सकारात्मक' का विलोम शब्द है?**

(1) आशात्मक (2) नकारात्मक

(3) संभावनात्मक (4) निराशात्मक

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या**—सकारात्मक अर्थात् अच्छा, अनुकूल नकारात्मक अर्थात् बुरा, प्रतिकूल। विलोम का अर्थ है विपरीत।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'स्त्री' का पर्यायवाची नहीं है?**

(1) रमणी (2) भामा

(3) भार्या (4) वनिता

**उत्तर—विकल्प (3) सही है।**

**व्याख्या**—रमणी, भागा और वनिता 'स्त्री' के पर्यायवाची शब्द है, जबकि भार्या 'पत्नी' का पर्यायवाची शब्द है।

**27. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में सर्वोपयुक्त रस की पहचान कीजिए—**

'देख यशोदा शिशु के मुख में, सकल विश्व की माया।
क्षणभर को वही बनी अचेतन, हिल न सकी कोमल काया।'

(1) वात्सल्य रस (2) श्रृंगार रस

(3) अद्‌भुत रस (4) करुण रस

**उत्तर—विकल्प (3) सही है।**

**व्याख्या**—जब यशोदा शिशु अर्थात् कृष्ण के मुख में सारा ब्रह्मण्ड देखती हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है। विस्मय अद्‌भुत रस का स्थायी भाव है, अत: इस पंक्ति में अद्‌भुत रस है।

**28. निम्नलिखित वाक्य-खण्डों को क्रमानुसार लगाकर सही वाक्य बनाइए—**

(A) वस्तुत: हिन्दी साहित्य का आदिकाल

(B) की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और यही

(C) विविध काव्य रूपों एवं शैलियों, अपनी विविध साहित्य प्रवृत्तियों

(D) विविधताएँ आदिकालीन साहित्य की समस्याओं

(E) को जन्म देने वाली हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**

(1) (A), (B), (C), (D), (E)

(2) (A), (C), (B), (E), (D)

(3) (B), (A), (D), (C), (E)

(4) (A), (C), (B), (D), (E)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या**—वस्तुत: हिन्दी साहित्य का आदिकाल विविध काव्य रूपों एवं शैलियों अपनी विविध साहित्य प्रवृत्तियों की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है और यही विविधताएँ आदिकालीन साहित्य की समस्याओं को जन्म देने वाली है।

**29. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (समास) | | सूची-II (उदाहरण) | |
|---|---|---|---|
| (A) | तत्पुरुष | (I) | अन्न-जल |
| (B) | कर्मधारण | (II) | महाकवि |
| (C) | द्वंद्व | (III) | पीताम्बर |
| (D) | बहुव्रीहि | (IV) | देशभक्ति |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(II), B-(IV), C-(I), D-(III)

(2) A-(IV), B-(II), C-(I), D-(III)

(3) A-(IV), B-(III), C-(I), D-(II)

(4) A-(III), B-(II), C-(I), D-(IV)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या**—समास-उदाहराण
तत्पुरुष-देशभक्ति
कर्मधारय-महाकवि
द्वंद्व-अन्न-जल
बहुव्रीहि-पीताम्बर

**30. निम्नलिखित शब्दों का सही क्रम में प्रयोग करते हुए एक सार्थक वाक्य की रचना कीजिए—**

(A) पर (B) रखी

(C) मेज (D) है

(E) पुस्तक

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**

(1) (E), (A), (C), (B), (D)

(2) (C), (A), (E), (B), (D)

(3) (C), (A), (E), (D), (B)

(4) (C), (A), (B), (E), (D)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या**—'मेज पर पुस्तक रखी हैं।' व्याकरणिक दृष्टि से सार्थ वाक्य है।

OSWAAL

**31. 'मान' का उचित विलोम शब्द है—**

(1) सम्मान (2) अभिमान

(3) स्वाभिमान (4) अपमान

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—'मान' शब्द का अर्थ है-सम्मान, इज़्ज़त। इसका विलोम शब्द है-अपमान, जिसका अर्थ है-अनादर या किसी को नीचा दिखाना।

**32. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्दों की पहचान कीजिए—**

(A) वापिस (B) अतिथि

(C) कवियत्री (D) नदियों

(E) अग्नि

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:**

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (A), (B), (C) और (E)

(4) केवल (B), (D) और (E)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—वापिस और कवियत्री वर्तनी दृष्टि से अशुद्ध शब्द हैं, इनके शुद्ध क्रमशः वापस और कवयित्री है।

**33. 'जिसे जीता न जा सके' वाक्यांश के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

(1) अपराजेय (2) अजेय

(3) अजातशत्रु (4) विजयी

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या**—जिसे जीता न जा सके' उसे अजेय कहते हैं।

**34. निम्नलिखित में से मात्रिक छंद के उदाहरण हैं—**

(A) चौपाई (B) सवैया

(C) दोहा (D) कवित्त

(E) छप्पय

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:**

(1) केवल (A), (B) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (B), (C) और (D)

(4) केवल (A), (C) और (E)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

> **व्याख्या**—जिनकी गणना मात्रा के आधार पर की जाती है उन्हें मात्रिक छंद कहते हैं। चौपाई, दोहा और छप्पय मात्रिक छंड हैं, जबकि सवैया और कवित्त वर्णिक छंद है इनकी गणना वर्णों क आधार पर होती है।

**35. निम्नलिखित में से संधि के गलत प्रयोग को चिह्नित करें—**

(1) मन + ओज = मनोज

(2) नि: + आशा = निराशा

(3) सम् + सार = संसार

(4) पद् + हति = पद्धति

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

> **व्याख्या**—मनोज का संधि विच्छेद है—मन: + ज। इसमें विसर्ग संधि है।

**36. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | दीर्घ संधि | (I) | सरोवर |
| (B) | गुण संधि | (II) | परमानंद |
| (C) | व्यंजन संधि | (III) | सुरेंद्र |
| (D) | विसर्ग संधि | (IV) | दिगम्बर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(III), B-(II), C-(I), D-(IV)

(2) A-(II), B-(III), C-(IV), D-(I)

(3) A-(IV), B-(II), C-(III), D-(II)

(4) A-(III), B-(II), C-(IV), D-(I)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | दीर्घ संधि | परमानंद |
| (B) | गुण संधि | सुरेन्द्र |
| (C) | व्यंजन संधि | दिगम्बर |
| (D) | विसर्ग संधि | सरोवर |

**37. 'तत्पुरुष' समास किसे कहते हैं?**

(1) जिस समास का प्रथम पद महत्त्वपूर्ण हो।

(2) जिस समास का अंतिम पद प्रधान हो।

(3) जिस समास के दोनों पद प्रधान हों।

(4) जिस समास में कोई भी पद प्रधान नहीं होता।

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या**—वह समास जिसमें उत्तरपद, प्रधान होता है और पूर्ण पद गौण होता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

**38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (उपसर्ग) | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | उत् | (I) | अनादर |
| (B) | अंत: | (II) | अनुदार |
| (C) | अन् | (III) | उदय |
| (D) | अनु | (IV) | अंतर्गत |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(IV), B-(III), C-(II), D-(I)

(2) A-(III), B-(IV), C-(I), D-(II)

(3) A-(III), B-(IV), C-(II), D-(I)

(4) A-(IV), B-(III), C-(I), D-(I)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | उत् | उदय |
| (B) | अंत: | अंतर्गत |
| (C) | अन् | अनादर |
| (D) | अनु | अनुसार |

**39. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | क्रिया विशेषण | (I) | शाबास! धन्य! |
| (B) | समुच्चय बोधक | (II) | धन के बिना |
| (C) | सम्बन्ध बोधक | (III) | वह आया और मैं गया |
| (D) | विस्मयादि बोधक | (IV) | वह घोड़ा बहुत तेज़ दौड़ता है। |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(IV), B-(II), C-(III), D-(I)

(2) A-(IV), B-(III), C-(II), D-(I)

(3) A-(II), B-(III), C-(IV), D-(I)

(4) A-(I), B-(II), C-(IV), D-(III)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | क्रिया विशेषण | वह घोड़ा बहुत तेज़ दौड़ता है। |
| (B) | समुच्चय बोधक | वह आया और मैं गया |
| (C) | सम्बन्ध बोधक | धन के बिना |
| (D) | विस्मयादि बोधक | शाबास! धन्य! |

**40. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियाँ किस छंद में लिखी गई हैं?**

मूक होई वाचाल, पंगु चढ़ई गिरिवन गहन।

जासु कृपा सो दयाल, द्रवहु सकल कलिमल दहन॥

(1) सोरठा (2) दोहा

(3) बरवै (4) सवैया

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

**व्याख्या**—इस पंक्ति में सोरठा छंद है। सोरठा छंद के प्रथम और तृतीय में **11-11** व द्वितीय और चतुर्थ चरण में **13-13** मात्राएँ होती हैं।

**41. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (शब्द) | | सूची-II (पर्यायवाची) | |
|---|---|---|---|
| (A) | परिणय | (I) | प्रणय |
| (B) | प्रेम | (II) | पाणि |
| (C) | पानी | (III) | विवाह |
| (D) | कर | (IV) | वारि |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) A-(III), B-(I), C-(IV), D-(II)

(2) A-(III), B-(IV), C-(I), D-(II)

(3) A-(I), B-(III), C-(II), D-(IV)

(4) A-(III), B-(I), C-(II), D-(IV)

**उत्तर—विकल्प (1) सही है।**

**व्याख्या—**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | परिणय | विवाह |
| (B) | प्रेम | प्रणय |
| (C) | पानी | वारि |
| (D) | कर | पाणि |

**42. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

(1) सलिल-नीर (2) अरविन्द-कमल

(3) अमिय-सुधा (4) धरती-विपुला

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या**—धरती-विपुला शब्द पर्यायवाची नहीं है। धरती के पर्यायवाची शब्द पृथ्वी, भूमि, वसुधा, अचला हैं जबकि विपुला का अर्थ विस्तृत होता है।

**43.** **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (शब्द) | | सूची-II (पर्यायवाची) | |
|---|---|---|---|
| (A) | नख से शिखा तक के सब अंग | (I) | अवध्य |
| (B) | जिससे युद्ध न किया जा सके | (II) | आपादमस्तक |
| (C) | जिसे मारना उचित न हो | (III) | अयोध्या |
| (D) | सिर से पैर तक | (IV) | नखशिख |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

**(1)** A-(IV), B-(III), C-(II), D-(I)

**(2)** A-(IV), B-(III), C-(I), D-(II)

**(3)** A-(III), B-(IV), C-(I), D-(II)

(4) A-(III), B-(IV), C-(II), D-(I)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**

| अनेक शब्द | | |
|---|---|---|
| (A) | नख से शिखा तक के सब अंग | नखशिख |
| (B) | जिससे युद्ध न किया जा सके | अयोध्या |
| (C) | जिसे मारना उचित न हो | अवध्य |
| (D) | सिर से पैर तक | आपाद मस्तक |

**44.** **निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकाल के व्यवस्थित कीजिए—**

**(A)** उर्वशी **(B)** कामायनी

**(C)** बिहारी-सतसई **(D)** रामचरितमानस

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—

**(1)** (D), (C), (A), (B) **(2)** (D), (C), (B), (A)

**(3)** (C), (D), (B), (A) **(4)** (C), (D), (A), (B)

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

**व्याख्या—**

| रचना | रचनाकार | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|
| रामचरितमानस | तुलसी | 1574 ई. |
| बिहारी सतसई | बिहारी | 1662 ई. |
| कामायनी | जनयशंकर प्रसाद | 1936 ई. |
| उर्वशी | रामधारी सिंह दिनकर | 1961 ई. |

**45.** **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (शब्द) | | सूची-II विलोम शब्द) | |
|---|---|---|---|
| (A) | अमर | (I) | मरण |
| (B) | जीवन | (II) | मर्त्य |
| (C) | अधूरा | (III) | पूर्ण |
| (D) | अपूर्ण | (IV) | पूरा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

**(1)** A-(I), B-(II), C-(III), D-(IV)

**(2)** A-(I), B-(II), C-(IV), D-(III)

**(3)** A-(II), B-(I), C-(III), D-(IV)

(4) A-(II), B-(I), C-(IV), D-(III)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या—**

| शब्द | | |
|---|---|---|
| (A) | अमर | मर्त्य |
| (B) | जीवन | मरण |
| (C) | अधूरा | पूरा |
| (D) | अपूर्ण | पूर्ण |

**46.** **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I (तद्भव) | | सूची-II (तत्सम) | |
|---|---|---|---|
| (A) | जनम | (I) | ध्वज |
| (B) | झण्डा | (II) | छत्रक |
| (C) | छत | (III) | जन्म |
| (D) | छाता | (IV) | छत्र |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**

**(1)** A-(III), B-(IV), C-(I), D-(II)

**(2)** A-(I), B-(III), C-(IV), D-(II)

**(3)** A-(III), B-(I), C-(II), D-(IV)

(4) A-(III), B-(I), C-(IV), D-(II)

**उत्तर—विकल्प (4) सही है।**

**व्याख्या—**

| तद्भव | | |
|---|---|---|
| (A) | जनम | जन्म |
| (B) | झण्डा | ध्वज |
| (C) | छत | छत्र |
| (D) | छाता | छत्रक |

**47. निम्नलिखित में से कौन-सा रस का अवयव नहीं है?**

(1) विभाव (2) आनंद

(3) स्थायी भाव (4) अनुभाव

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या—**विभाव, अनुभाव और स्थायी भाव रस के अवयव हैं।

**48. निम्नलिखित में कौन-से शब्द 'तत्सम' हैं?**

(A) नया (B) नहीं

(C) लंघन (D) नाथ

(E) निष्ठुर

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**

(1) केवल (A), (B), और (D)

(2) केवल (A), (B), (C) और (E)

(3) केवल (C) और (E)

(4) केवल (B), (C) और (D)

**उत्तर—विकल्प (3) सही है।**

> **व्याख्या—**जो शब्द संस्कृत भाषा से बिना किसी परिवर्तन के हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, उन्हें तत्सम, शब्द कहते हैं। अत: लघन और निष्ठुट तत्सम शब्द हैं।

**49. शासकीय पत्र के स्वरूप के संबंध में क्या सत्य नहीं है?**

(1) इसमें प्रेषक और प्रेषिती दोनों का नाम अंकित होता है।

(2) इसमें सबसे पहले प्रेषिती का नाम और पद लिखा जाता है।

(3) पत्र में विषय का भी समावेश रहता है।

(4) पत्र का अंत भवदीय से होता है।

**उत्तर—विकल्प (2) सही है।**

> **व्याख्या—**औपचारिक पत्र में सबसे पहले प्रेषिती का नाम और पद लिखा जाता है।

**50. निम्नलिखित में से लोकोक्ति का उदहारण नहीं है—**

(1) काठ की हाँड़ी एक ही बार चढ़ती है।

(2) एक हाथ से ताली नहीं बजती

(3) कान गरम करना

(4) खग जाने खग ही की भाषा

**उत्तर—विकल्प (3) सही है।**

> **व्याख्या—**'कान गरम करना' एक मुहावरा है। मुहावरा वाक्य का अंश होता है, जबकि लोकोक्ति एक पूर्ण वाक्य होती है।

□□